# कण कण बोले राधे कृष्ण | By Sunil Sarvottam

बरसाने की राधे रानी गोकुल के घनश्याम
वृन्दावन का कण कण बोले राधे कृष्ण का नाम
बोलिये युगल जोड़ी श्याम सुन्दर की जय.........

बरसाने की राधे रानी गोकुल के घनश्याम जी
वृन्दावन का कण कण बोले राधे कृष्ण का नाम जी
इनके दर्शन पा के कर लो सारे तीरथ धाम जी
वृन्दावन का कण कण बोले राधे कृष्ण का नाम जी

राधे नाम है इतना पावन जैसे गंगा जी का पानी
राधे नाम बड़ा मन भावन सारी दुनिया है दीवानी
राधे राधे बोलो भक्तो मिल कर सुबह शाम जी
वृन्दावन का कण कण बोले राधे कृष्ण का नाम जी

कृष्ण नाम है इतना पावन जो बोले तर जायेगा
कृष्ण नाम को जपने वाला मनचाहा वर पायेगा
कृष्णा कृष्णा बोलो भक्तों बनेंगे बिगड़े काम जी
वृन्दावन का कण कण बोले राधे कृष्ण का नाम जी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%a3-%e0%a4%95%e0%a4%a3-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%b7%e0%a5%8d%e0%a4%a3-by-sunil-sarvottam/